हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 25 सितंबर 2025

04 कांग्रेस अब बंद कमरों से नहीं बल्कि सड़कों से...




07 ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, भतीजा व नातिन घायल





### लाभार्थी परिवारों का समिति द्वारा किया जा रहा सम्मान

# पीतांबरा सेवा समिति के भंडारे में प्रतिदिन हवन और कन्या पूजन के बाद प्रारंभ हो रहा भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा





मां बगलामुखी मंदिर के समीप प्रति नवरात्रि अनुसार इस शारदीय नवरात्रि पर्व के दौरान भी पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा बाहर से आने वाले भक्तों के लिए निःशुल्क भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। भंडारा परिसर में प्रतिदिन माता रानी के सम्मुख हवन एवं कन्या पूजन के बाद आम भक्तों के लिए भंडारा प्रारंभ किया जा रहा है। सेवा व समर्पण के नए आयाम स्थापित करने वाली नगर की सामाजिक संस्था पीताम्बरा सेवा समिति द्वारा सिद्धपीठ के समीप स्थित स्वयं के भंडारा परिसर में शारदीय नवरात्रि पर्व पर बाहर से आने वाले दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क भोजन प्रसादी का आयोजन किया जा रहा है। जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में माता भक्त भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं।

माता रानी के भक्तों को उत्कृष्ट स्वाद के साथ भिन्न-भिन्न पकवान प्रसादी के रूप में उपलब्ध करवाने के पूर्व भंडारा परिसर में स्थापित माता रानी के चित्र के सम्मुख समिति द्वारा प्रतिदिन प्रातः 7.30 बजे हवन कर माता की आराधना की जा रही है। हवन की पूर्णाहुति के बाद प्रातः 10 बजे विशाल कन्या पूजन व कन्या भोज होता है। जिसमें बड़ी संख्या में कन्याओं को समिति सदस्यों द्वारा भोजन करवाकर, पूजन कर उपहार भेंट में दिए जाते हैं। प्रतिदिन बड़ी संख्या में कन्याओं का पूजन किया जा रहा है। इस दौरान बाहर से आने वाले भक्त भी कन्या पूजन का लाभ प्राप्त करते हैं। कन्या पूजन के उपरांत बाहर से आने वाले भक्तों के लिए भोजन प्रसादी प्रारंभ होती है। जो कि बगैर किसी बाधा के रात्रि 7.30 बजे तक चलती रहती है।

### भंडारे में लाभार्थी परिवारों का किया जा रहा सम्मान

मां बगलामुखी मंदिर के समीप स्थित पीताम्बरा सेवा समिति के भंडारा परिसर में भंडारे के लाभार्थी परिवारों का प्रतिदिन समिति सदस्यों द्वारा सम्मान कर मां बगलामुखी का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट किया जा रहा है। बुधवार को पीतांबरा सेवा समिति के भंडारे में आगर कलेक्टर प्रीति यादव एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह का आगमन हुआ। समिति के सदस्यों द्वारा जिला प्रशासन के इन वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत कर मां बगलामुखी की तस्वीर भेंट कर सम्मान किया गया।

### मां बगलामुखी के दरबार में प्रतिदिन हजारों भक्त दर्शन कर करवा रहे हवन-अनुष्ठान





**नलखेड़ा।** मां बगलामुखी के दरबार में शारदीय नवरात्रि पर्व के इन दिनों में भक्तों की आस्था उमड़ रही है। पर्व के इन दिनों में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भक्त मां के दरबार में दर्शन व विशेष हवन-अनुष्ठान के लिए पहुंच रहे हैं। वहीं मंदिर पर होने वाली मंगला एवं संध्याकालीन आरती में बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है। पर्व के दिनों में मां बगलामुखी का प्रतिदिन विभिन्न रंगों की चुनर एवं आभूषणों के साथ श्रृंगार किया जा रहा है। बुधवार को जिला कलेक्टर प्रीति यादव व जिला पुलिस अधीक्षक विनोदकुमार सिंह द्वारा माता रानी के दर्शन किए। पीतांबरा सिद्धपीठ पर सम्पूर्ण क्षेत्रवासी के साथ देश के कई स्थानों से भक्त मंदिर पहुंच रहे। मंदिर पर पर्व के प्रथम दिन से ही बड़ी संख्या में भक्त माता के दरबार पहुंच रहे हैं। माता भक्त नवरात्रि पर्व में शक्ति की भक्ति में लीन है। कोई पर्व के इन दिनों में उपवास की तपस्या कर रहा है, तो कोई नंगे पैर रहकर तपस्या में लीन है। तथा पूरा मंदिर प्रांगण हवन-अनुष्ठान के मंत्रोच्चार से गुंजायमान सुनाई दे रहा है। शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर मां बगलामुखी मंदिर व परिसर विभिन्न प्रकार के पुष्पों से सुसज्जीत होकर अपनी छटा बिखेर रहा है। माता रानी की प्रतिदिन प्रातः 6 बजे मंगला आरती एवं 7.30 बजे होने वाली संध्याकालीन आरती में भी बड़ी संख्या में भक्तों द्वारा भाग लिया जा रहा है।

# कलेक्टर-एसपी ने मां बगलामुखी मंदिर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

कलेक्टर प्रीति यादव और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह ने बुधवार को नवरात्रि पर्व पर मां बगुलामुखी मंदिर का संयुक्त भ्रमण कर मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर-एसपी ने मां बगुलामुखी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। तत्पश्चात दर्शन, पार्किंग, भोजन प्रसादी वितरण आदि व्यवस्था देखी गई।

कलेक्टर ने पार्किंग व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को लखुंदर नदी ब्रिज पर प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने तीर्थ सदन के पास बने पार्किंग स्थल का निरीक्षण कर साइन बोर्ड, बैरिकेट्स एवं सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जानकारी ली और पार्किंग संचालक को आवश्यक निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि श्रद्धालुओं से वाहन पार्किंग हेतु निर्धारित शुल्क से ज्यादा नहीं लिया जाए और उनके साथ मधुर व्यवहार रखें। साथ ही कीमती सामग्री वाहनो में न छोड़ने हेतु एलाउंस भी किया जाए, पार्किंग स्थल से मंदिर तक आने वाले ई-रिक्शा की व्यवस्था की जानकारी ली। कलेक्टर ने मंदिर प्रांगण में बने दवाई केंद्र, भंडार गृह एवं भंडारे का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारू दर्शन व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के दृष्टिगत दिशा सूचक बोर्ड भी लगाए जाए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सर्वेश यादव, नलखेड़ा सीएमओ बाबू सिंह राजपूत, यातायात प्रभारी जगदीश यादव, थाना प्रभारी नागेश यादव, एसडीओपी देवनारायण यादव, तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी, जनपद पंचायत सीईओ अश्विनी पाटीदार, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, पटवारी मुकेश सिंह चौहान, रामपाल सिंह तोमर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



# कलेक्टर ने शासकीय अस्पताल का निरीक्षण किया, दिए निर्देश





**नलखेड़ा।** कलेक्टर प्रीति यादव ने बुधवार को शासकीय अस्पताल नलखेड़ा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति तथा मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली और व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्त्री रोग विशेषज्ञ से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर रजिस्टर का अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, तथा ऑपरेशन थिएटर, इमरजेंसी वार्ड, जनरल वार्ड एवं डिलीवरी वार्ड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर कलेक्टर ने अस्पताल एवं ओटी में चिकित्सकों का ड्यूटी चार्ट प्रदर्शित करने एवं उसका नियमित पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने अस्पताल में फायर सेफ्टी की जांच की और कहा कि फायर फाईटर की समय-समय पर जांच, रिफिलिंग और अंतिम तिथि की जानकारी अद्यतन रखें। साथ ही अस्पताल परिसर की साफ-सफाई एवं बिल्डिंग का मेंटेनेंस अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। दवाई केंद्र का निरीक्षण कर दवाइयों की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर की एंट्री, मरीजों को दी जाने वाली दवाइयों की अवधि एवं स्टॉक प्रबंधन की जानकारी ली। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रतिदिन दवाइयों की रजिस्टर में एंट्री हो तथा सभी दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रहें।

कलेक्टर ने एसडीएम सुसनेर को निर्देश दिए कि समय-समय पर अस्पताल चैकिंग कर स्वास्थ्य सेवाएँ, स्टॉफ उपस्थिति, साफ-सफाई, देखे, लापरवाही करने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करे। शासकीय अस्पतालों में आने वाले मरीजों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हों, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह, एसडीएम नलखेड़ा सर्वेश यादव, एसडीओपी देवनारायण यादव, यातायात प्रभारी जगदीश यादव, तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी आदि उपस्थित रहे।

## सीएम की पत्नी पहुंचीं मां बगलामुखी के दरबार में



**नलखेड़ा।** शारदीय नवरात्रि महापर्व पर मंगलवार को सीएम डॉ यादव की पत्नी श्रीमती सीमा यादव, सीएम की बहन व उज्जैन नगर निगम की सभापति कलावती यादव परिवार सहित मां बगलामुखी मंदिर पहुंचीं जहां उन्होंने माता रानी के दर्शन किए। वह माता रानी की संध्याकालीन आरती में भी शामिल हुईं।

## नवकार महामंत्र मंगल कलश की शोभायात्रा निकाली गई

**नलखेड़ा।** स्थानीय श्वेतांबर जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी मंडल की प्रेरणा से विश्व शांति, जनकल्याण, संकल्प सिद्धि व आत्म समृद्धि की भावना के साथ 68 दिवसीय नवकार महामंत्र की कलश यात्रा का कार्यक्रम समाज में चल रहा है। लाभार्थी परिवार के यहां नवकार कलश श्री संघ के साथ शोभायात्रा के रूप में ले जाया जा रहा है। लाभार्थी के निवास अथवा जैन आराधना भवन पर एक घंटे का सामूहिक नमस्कार महामंत्र का जाप प्रतिदिन चल रहा है। जैन समाज में चातुर्मास हेतु विराजित प.पू.प्र.म. चंद्रप्रभा श्री जी म.सा.की सुशिष्या रत्न निधि म.सा.व पुण्य निधि म.सा. आदि ठाणा- 05 की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में विभिन्न तप आराधना के साथ धार्मिक कार्यक्रम चल रहे हैं। 68 दिवसीय नवकार मंगल कलश प्रतिदिन लाभार्थी परिवार के यहां श्री संघ के साथ ले जाया जा रहा है। बुधवार को नवकार मंगल कलश को बधाने का अनुपम लाभ शांतिलाल राजेंद्रकुमार, गौरव कुमार सकलेचा द्वारा लिया गया। प्रवचन उपरांत जैन आराधना भवन से ढोल के साथ नवकार कलश की शोभायात्रा निकाली गई।

# श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर नवरात्रि में जल रही 109 दीपक की अखंड ज्योत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा



शारदीय नवरात्रि पर नगर में स्थित पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर 109 दीपक की अखंड ज्योत जल रही है। इसके साथ ही अन्य कई धार्मिक आयोजन भी चल रहे हैं। चमत्कारिक पांडवकालीन श्री बल्डावदा हनुमान मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर विभिन्न धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। शारदीय नवरात्रि में लगातार 14वें वर्ष दस दिनों तक 109 दीपकों की अखंड ज्योत जल रही है। नवरात्रि के प्रथम दिवस कलश स्थापना के साथ ही अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित की गई है जोकि 01 अक्टूबर तक जलेगी। नवरात्रि के अंतिम दिन विसर्जन होगा। इसके साथ ही हवन होगा।

धार्मिक आयोजनों के तहत अखण्ड दीपक, कलश स्थापना, दुर्गा सप्तशती पाठ, सुंदर काण्ड पाठ, राम रक्षास्त्रोत पाठ, नित्य प्रति दिन पूजन पाठ, रामचरितमानस नव्हापारायण हो रहा है। उक्त आयोजन महामंडलेश्वर रामचन्द्र दास त्यागी महाराज के आशीर्वाद व सानिध्य में महन्त हनुमान दास त्यागी द्वारा किया जा रहा है। धार्मिक आयोजनों के दौरान बड़ी संख्या में भक्त भी उपस्थित रह रहे हैं। गौरतलब है कि उक्त स्थल बेहद चमत्कारिक है। जोकि एक ऊंची पहाड़ी पर स्थित होने के साथ ही प्राकृतिक सौंदर्य से परिपूर्ण है। नवरात्रि पर्व पर सिद्धपीठ मां बगलामुखी मंदिर दर्शनार्थ आने वाले कई भक्त इस चमत्कारिक मंदिर पर भी दर्शनार्थ पहुंच रहे है और प्राकृतिक सौंदर्य का भी आनंद उठा रहे हैं।

# दुर्गावाहिनी मातृ शक्ति यात्रा निकली, स्वागत किया



**नलखेड़ा।** नगर में दुर्गावाहिनी का संचलन घोष दल के साथ निकला जिसमें बहनें कदमताल करती चल रही थीं। संचलन का स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। बुधवार को दुर्गावाहिनी मातृ शक्ति यात्रा के रूप में दुर्गावाहिनी की बहनों का पथ संचलन निकला। पथ संचलन जायसवाल कॉलोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर माधवकुंज से प्रारंभ हुआ जो काछी मोहल्ला, मुखर्जी मार्ग, चौक बाजार, गणेश चौराहा, शिवाजी चौराहा होते हुवे मां बगलामुखी मंदिर मार्ग पर स्थित रेन बसेरा परिसर पहुंचा जहां समापन हुआ।

संचलन में बहनें हाथों में शस्त्र लिए घोष दल के साथ अनुशासित रूप से कदमताल करती चल रही थी। संचलन का स्थान स्थान पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। शक्ति यात्रा के प्रारंभ होने के पूर्व मंचासीन कार्यक्रम हुआ। जिसमें दुर्गा वाहिनी केंद्रीय सहसंयोजक पिंकी पंवार, विहिप जिलाध्यक्ष किशोर बैरागी जिला मंत्री जीतेश राठौड़ आदि मंचासीन थे।

### स्थानीय जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन

# संसार जलती हुई आग के समान है : साध्वी रत्ननिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नलखेड़ा

मनुष्य पैसा, पदार्थ व परिवार के पीछे अपनी जिंदगी समाप्त कर रहा है। लेकिन यह सब तब तक ही आपके साथ है, जब तक इस देह में प्राण है। जिस दिन देह को छोड़कर जीव परिवर्तित हुआ सारे संबंध समाप्त हो जाएंगे। संसार जलती हुई आग के समान है, समझदार व्यक्ति परलोक में साथ चलने वाले धर्म को लेकर इस संसार रूपी आग से बाहर निकल जाता है। पुद्गल देह के प्रति हमारी कितनी आसक्ति है, इस पर विचार करना चाहिए। छैः काय के जीवों की विराधना से बचना चाहिए। कर्मों का कर्ज चुकाना बहुत भारी पड़ेगा।

स्थानीय जैन आराधना भवन में चल रहे प्रवचन के दौरान रत्न निधि व पुण्य निधि म.सा. ने उपस्थित समाजजनों के समक्ष यहां बात कही। साध्वीजी ने कहाकि यह जीव हर वस्तु, हर व्यक्ति को अपना मान रहा है। लेकिन जिसको हम अपना मान रहे हैं, या जिसके पीछे हम हमारी पूरी जिंदगी समाप्त कर देते हैं, वह पैसा, पदार्थ, परिवार भी तब तक ही साथ देंगे जब तक यहां हंस राज हमारे भीतर है। जिस दिन यहां हंस उडा, जीव देह को छोड़कर परिवर्तित हुआ सारे संबंध समाप्त हो जाएंगे। उन्होंने कहाकि जैन दर्शन अहिंसा परमो धर्म पर टिका हुआ है। संसार के सभी जीवो के प्रति हमारे दिल में दया एवं करुणा के भाव होना चाहिए। प्राणी मात्र की रक्षा करें ऐसा भाव जीवन में रहा तो हम छैः काय के जीवों की विराधाना से बच जाएंगे। जयनापूर्वक चलते हैं तो दोष नहीं लगता है। धरती पर कई सूक्ष्म जीव है, जो हमें दिखाई नहीं देते हैं। जिनकी हिंसा हमारे द्वारा प्रतिपल हो रही है। जीवों की हिंसा के साथ पाप का बंध भी हो जाता है। सामायिक कर हमें छैः काय के जीवों की विराधना से बचना चाहिए।




साध्वीजी ने पांच स्थावर जीवों- पृथ्वी काय, अपकाय, तेऊकाय, वायु काय, साधारण वनस्पति काय का प्रमाण बताते हुए कहा कि हरे आंवलें जितने सचित पृथ्वी काय के जीव वे तोता जितना शरीर बना ले तो एक लाख योजन के जंबू द्वीप में भी नहीं समा सके। अपकाय के जीव- पानी की एक बूंद में जितने जीव है वह जीव सरसों के दाने जितना शरीर बना ले तो संपूर्ण जंबू द्वीप में नहीं समा सके। इतने जीव पानी की एक बूंद में होते हैं। तेऊकाय जीव- अनछाना पानी वापरने से चावल जितने अग्नि कण में रहे जिओ खसखस के दाने जितना शरीर बना ले तो जंबू द्वीप में भी नहीं समा सके। वायु काय के जीव- नीम के पत्ते जितनी जगह में रहे वायु काय के जीव सिर की लीख जितनी काया बना ले तो जम्बू द्वीप में भी न समा सके। साधारण वनस्पति काय के जीव- सुई के अग्रभाग जितने अंनतकाय के विषे असंख्य शरीर समा सके और एक - एक शरीर में अनंत - अनंत जीव होते हैं। अतः जीवन में आलू प्याज लहसुन मूली गाजर आदि जमीकंद का त्याग करना चाहिए। तथा जीवो को अभय दान दें। यदि हमारे मन में इन सूक्ष्म जीवों के प्रति दया व करुणा के भाव है तो हमारे घर में अंनतकाय जीव वाली वस्तु का सेवन नहीं होगा।

उन्होंने कहा कि संसार के विषयों के प्रति आसक्ति, भोग हमारे दुःख का कारण है। भोग, रोग का मूल है। ऐसे संसार के प्रति विरक्ति के भाव लाना चाहिए। क्योंकि संसार के भोग सुख क्षणिक सुख देने वाले हैं, परंतु उनका परिणाम सुंदर नहीं है। जिस प्रकार किंपाक का फल देखने में सुंदर, सूंघने में सुगंधित और खाने में स्वादिष्ट लगता है, परंतु खाने के बाद तो वह मौत ही देता है। इसीलिए विषय भोगों का त्याग करो इसके परिणाम अच्छे नहीं है। उन्होंने कहा कि विषय भोग, संसार भी आग के समान है। संसार के प्रति त्याग वृत्ति, विरति वृत्ति को धारण कर परभव को सुधार लो। जिस प्रकार घर में आग लग जाने पर घर का स्वामी सारभूत वस्तु को लेकर घर से बाहर निकल जाता है, इस प्रकार इस संसार में चारों ओर से आग लगी है अतः समझदार व्यक्ति परलोक में साथ चलने वाले धर्म को लेकर इस संसार की आग से अपने को बचा लेता है।

खबर संक्षेप

## सीईओ जिला पंचायत शर्मा की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न



**देवास।** जिला प्रशासन एवं सामाजिक संस्थाओं के मध्य समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में सीईओ जिला पंचायत ज्योति शर्मा की अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, देवास जिले से जुड़ी स्वयंसेवी संस्थाओं, जिले की विभिन्न प्रमुख सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत शर्मा ने कहा कि सामाजिक संस्थाएं प्रशासन की सशक्त सहयोगी हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन, महिला एवं बाल विकास तथा आंगनवाड़ी सेवाओं की गुणवत्ता सुधार जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में स्वयंसेवी संस्थाओं की सक्रिय भागीदारी से जिले के विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी। उन्होंने उपस्थित संस्थाओं को इन विषयों पर ठोस कार्ययोजना बनाने एवं समाज में जनजागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ियों की गुणवत्ता सुधार में एनजीओ का सहयोग अत्यंत उपयोगी होगा, जिससे जिले के बच्चों के सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगी। बैठक में उपस्थित स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने संस्थान द्वारा अब तक किए गए सामाजिक कार्यों की जानकारी साझा की तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों ने प्रशासन के साथ मिलकर विकास कार्यों में निरंतर सहयोग का आश्वासन दिया। जिला प्रशासन एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के समन्वय से देवास जिले में सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को नई दिशा एवं गति मिलेगी।

### जिला किसान कांग्रेस ने किसानों की आवाज बुलंद करने निकाली ट्रैक्टर रैली

# कांग्रेस अब बंद कमरों से नहीं बल्कि सड़कों से चलेगी: प्रदेश सह प्रभारी दत्त

**जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत चौहान के नेतृत्व में निकाली गई रैली में प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी संजय दत्त, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, प्रदेश किसान कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान रहे उपस्थित।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




बुधवार को जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों की एक ट्रैक्टर रैली भोपाल रोड बाईपास से शुरू होकर भोपाल चौराहा से ए. बी. रोड़ होते हुए मल्हार स्मृति मंदिर पहुंची। पहले रैली का मार्ग नाहर दरवाजा, नयापुरा, जवाहर चौक, विजया रोड़ होते हुए ए. बी. रोड से निश्चित किया गया था, लेकिन प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दी गई। वहीं भोपाल चौराहे पर पुलिस द्वारा ट्रैक्टर रैली को रोककर सिर्फ पांच ट्रैक्टरों को ही ए. बी. रोड़ पर आने की अनुमति दी गई, शेष ट्रैक्टरों को वही रोक दिया गया। रैली में बड़ी संख्या में उपस्थित किसान और कांग्रेस जन नारे लगाते हुए महिला स्मृति मंदिर पहुंचे।

### कांग्रेस सह प्रभारी दत्त ने किया संबोधित

सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी संजय दत्त ने कहा कि कांग्रेस बंद कमरों से नहीं सड़कों से चलेगी सब जानते हैं किसान आज परेशान है। वहीं भारत की तरक्की जब तक नहीं हो सकती तब तक किसान की तरक्की नहीं होगी। आज प्रदेश में सोयाबीन की फसल खराब हुई है जिसके मुआवजे बात तो दूर, सर्वे तक के आदेश नहीं दिए गए हैं। जोर-शोर से भाजपा नेता कहते हैं कि किसान की आय दोगुनी करना है आय तो दोगुनी नहीं हुई किसानों की आत्महत्या जरूर दो गुना हो गई है। मध्य प्रदेश में जीतू पटवारी जी, धर्मेंद्र चौहान जी के मार्गदर्शन में किसानों के हक में आवाज उठाई जा रही है। हमारा प्रयास है किसान के साथ न्याय हो खराब हुई सोयाबीन की फसल का सर्वे कराकर मुआवजा दिया जाए।

### हमने किसान को बनाया अध्यक्ष

पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि हमने प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष किसान को बनाया है। किसान कांग्रेस का अध्यक्ष भी हमने किसान को बनाया। कांग्रेस तो किसानों की लड़ाई लड़ने के लिए कटि बद्ध है, लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों की और ध्यान ही नहीं दे रही है । किसान परेशान है दुखी है लेकिन मोहन यादव सरकार किसानों के मामले में पूरी तरह से मौन है। आज देश का मुखिया मन की बात तो कहता है लेकिन किसानों के मन की, बेरोजगारों के मन की बात नहीं कहता है। सिर्फ डेढ़ घंटे तक अपने मन की बात ही कहता है। किसान भाइयों आपको समझना होगा। इसी के साथ किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश की सरकार किसानों के साथ धोखा कर रही है समय रहते मूंग खरीदी की घोषणा नहीं की गई जो गरीब किसान थे उन्होंने पैसों की आवश्यकता के चलते 25% मूंग मंडियों में कम भाव पर बेच दी । जब सरकार ने घोषणा की तो जो किसानों ने कम भाव पर मूंग बेची थी वह भी मंडी में आ गई। यह मूंग भाजपा के उन व्यापारियों ने खरीद ली थी जिन्होंने कम भाव में खरीदी थी। अब सरकारी रेट पर बड़े हुए मूल्य में बेच रहे हैं। दूसरा सोयाबीन में मोजैक पीले होने की बीमारी लगने से हजारों हेक्टर सोयाबीन की फसल खराब हो गई लेकिन आज तक सर्वे के आदेश नहीं दिए गए। आदेश दिए गए तो कहा गया कि ड्रोन से सर्वे किया जाएगा। यह बताइए कि ड्रोन किस तरह से सर्वे करेगा कुल मिलाकर सरकार सीधे-सीधे किसानों के साथ धोखा कर रही है और पर्ची निकाल कर बनाए गए मुख्यमंत्री मोहन यादव के सामने यह सारा खेल खेला जा रहा है। सर्वप्रथम किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने किसानों के संदर्भ में विस्तार से अपनी बात कही। इसी के साथ विभिन्न समस्याओं लैंड पूलिंग खराब हुई सोयाबीन की फसल का मुआवजा दूध पर बोनस एवं किसानों की कीमती भूमि का प्राधिकरण व रेलवे द्वारा अधिग्रहण पर अपनी बात कही। समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन एसडीएम देवास को सौंपा गया। कार्यक्रम का संचालन कार्यकारी अध्यक्ष सुधीर शर्मा ने किया एवं आभार विक्रम मुकाती ने माना। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कैलाश कुंडल, जय सिंह ठाकुर मनोज



राजानी, अशोक पटेल, तंवर सिंह चौहान, प्रदीप चौधरी, प्रयास गौतम, ओम पटेल, मुकेश पटेल, रेखा वर्मा, भगवान सिंह चावड़ा, ज्ञान सिंह दरबार, रितेश त्रिपाठी, सूरज सिंह ठाकुर, सूरज सिंह चावड़ा, दिनेश बैरागी, सलीम मामू, पोप सिंह परिहार, राधा किशन सोलंकी, पंकज वर्मा, अनिल गोस्वामी, वंदना पांडे, महेंद्र सिंह तालोद,चंद्रपाल सिंह सोलंकी इम्तियाज शेख भल्लू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन विभिन्न ब्लॉक अध्यक्ष पदाधिकारी एवं किसान साथी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

# नेवरी फाटा स्थित खाटू श्याम मंदिर में हुई चोरी का खुलासा

### पुलिस गिरफ्त में आए दो चोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बीते 15 सितम्बर को फरियादी राहुल नागर द्वारा थाना भौंरासा पर रिपोर्ट की गई कि 14- 15 सितम्बर की दरमियान रात को खाटू श्याम मंदिर नेवरी फाटा से 2 अज्ञात बदमाश मंदिर के पीछे की दीवार को कूदकर मंदिर की दानपेटी से नगदी चुराकर ले गए है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना भौरासा पर बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

एसपी पुनीत गेहलोद के निर्देश पर थाना प्रभारी भौरासा प्रीति कटारे ने अलग अलग टीम को सक्रिय किया। ऑपरेशन त्रिनेत्रम अभियान के तहत लगे सीसीटीव्ही कैमरे खंगाले गए, सायबर सेल की मदद ली गई। जिसमें एक एचएफ डिलक्स मोटर सायकल से 12 सितंबर को दोपहर को बदमाशों द्वारा मंदिर परिसर की रैकी की गई थी। उसके बाद 15 सितम्बर को घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस की जांच में आरोपी दिनेश प्रजापति पिता धन्नालाल प्रजापति उम्र 32 साल निवासी ग्राम पठारी तहसील कुरवई थाना पठारी जिला विदिशा हाल मुकाम 80 फुटा रोड गरीब जगर करोद भोपाल और माखन पिता सौदान सिंह दॉगी उम्र 35 साल निवासी ग्राम खाई खेडी थाना अहमदपुर जिला सीहोर हाल मुकान जनता कालोनी करोड भोपाल को गिरफ्तार किया गया।

जबकि आरोपी विशाल पिता स्व. ओमप्रकाश निवासी ग्राम खाई खेडा थाना अहमदपुर जिला सीहोर अभी फरार है।उक्त कार्यवाही में दीपा मांडवे एसडीओपी सोनकच्छ, प्रीति कटारे थाना प्रभारी भौरासा उनि राहत पाटीदार, सउनि संजय तेंवर सउनि रवि वर्मा सायबर सेल प्रधान आरक्षक शिवप्रताप सेंगर एवं सचिन चौहान की सराहनीय भूमिका रही।

### परिवहन विभाग ने कार्रवाई कर 09 बसों से 2.88 लाख का टैक्स भरवाया

**देवास।** जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान एवं जांच दल प्रभारी मीनाक्षी गोखले ने जांच दल के साथ देवास में चलने वाली यात्री बसों की जांच की। जिसमें बिना टैक्स जमा किए मार्ग पर संचालन करने वाली बसों को रोककर शासन का टैक्स जमा करवाया गया, कुल 9 बसों में टैक्स बाकी था, जिन्हें रोककर 2 लाख 88 हजार का टैक्स ऑन द स्पॉट भरवाया गया, तथा समझाइश दी गई कि बिना टैक्स जमा किए बस संचालन करने पर जप्ती की कार्यवाही की जाएगी।जांच में अन्य बसों की जांच की गई, कुल 38 बसों की जांच में 6 बसों में यातायात नियमों एवं दस्तावेजों की कमी पाई गई जिन पर कुल राजस्व 24000 की चालानी कार्यवाही की गई,आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि जांच दल लगातार जांच कर कार्रवाई कर रहा है।

# तनावमुक्त जीवन हेतु अल्प विराम कार्यक्रम सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



बागली राज्य आनंदम संस्थान एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ब्लॉक बागली द्वारा जनपद पंचायत के सभा गृह में एक दिवसीय अल्प विराम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मध्य प्रदेश शासन के विभिन्न विभागों के लगभग 65 अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त किया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जीवन की आपाधापी में स्वयं के साथ एक मुलाकात तथा जीवन में हर कार्य को प्रसन्नता के साथ करना, जिससे कार्य करने पर तनाव ना हो। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी, श्यामा तोमर,आनंद विभाग से सम्भाग समन्वयक समीरा नईम, म प्र.जन अभियान परिषद से विकासखंड समन्वयक प्रफुल्ल पाठक एवं परामर्शदाता राजेंद्र सिंह सेंधव, महेश सोलंकी, अशोक भाटी, गोकुल राठौर, वारिस अली,पं. राकेश नागौरी आदि उपस्थित रहे।प्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अल्प विराम कार्यक्रम ने उन्हें मानसिक शांति, सकारात्मक सोच और जीवन में संतुलन स्थापित करने की प्रेरणा दी। उन्होंने माना कि ऐसे कार्यक्रम कार्यकुशलता बढ़ाने और जीवन में आनंद लाने के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम का आभार विकासखंड समन्वयक प्रफुल्ल पाठक ने व्यक्त किया।

# संस्था मां शारदा के सदस्यों द्वारा चुनरी यात्रा में शामिल होने घर-घर दिया जा रहा निमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



संस्था मां शारदा इंदौर द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी नवरात्रि के पावन पर्व पर 27 सितंबर को एक भव्य चुनरी यात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जिसको लेकर संस्था सदस्यों द्वारा नगर में घर घर पहुंच कर निमंत्रण देने का कार्य किया जा रहा है, निमंत्रण हेतु पीले चावल घर की चौखट पर रखे जा रहे है। संस्था सदस्यों ने बताया कि धार्मिक आस्था के साथ समाज सुधार के कई संदेशों को प्रदर्शित कर यह चुनरी यात्रा निकालने जा रही है, जिसमें नशा मुक्ति, युवाओं को रोजगार से जोड़ना, महिलाओं को सशक्त बनाना प्रमुख है। 27 सितम्बर को चुनरी यात्रा सुबह 9.30 बजे चौधरी धर्मशाला पर पूजन अर्चन के साथ प्रारम्भ होगी जो नगर के मुख्य मार्ग हनुमान चौक बस स्टैंड से होते हुए बाबा भंवरनाथ मंदिर से निकलकर शक्ति माता मंदिर पहुंचेगी, जिसमे सैकड़ों महिलाए, युवतियां तथा पुरुष चुनरी को थामे पैदल चलेंगे। वहीं इस वर्ष यात्रा में आगे आगे माता के नौ रुपों में सजी बालिकाएं बघ्घी पर सवार रहेगी जो रास्ते भर नगरवासियों को आशीर्वाद देते हुए चलेगी।

### सेवा पखवाड़ा के तहत एमपीईबी सीनियर और सिविल लाइन जोन आयोजित कर रहे कार्यक्रम

# पीएम सूर्य घर योजना: सौर संयंत्र लगाने दी जा रही जानकारी






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से शुरू हुए सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करने शासन ने सभी विभागों को निर्देशित किया है। सेवा पखवाड़ा के तहत मप्रपक्षेविविकं देवास के अधीक्षण यंत्री केतन रायपुरिया के निर्देश और डीई विश्वजीत झा के मार्गदर्शन में एमपीईबी सीनियर जोन और सिविल लाइन जोन के अधिकारियों द्वारा अपने अपने क्षेत्र में जागरूकता शिविर आयोजित कर पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी दी जा रही हैं। इसी कड़ी में सीनियर जोन प्रभारी असिस्टेंट इंजिनियर प्रवीण जैन ने अपने क्षेत्र अंतर्गत चामुंडा पैलेस गार्डन, केपी कॉलेज सहित अन्य स्थानों पर सौर संयंत्र लगाने जागरूकता शिविर का आयोजन किया। शिविर में उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान सोलर ऊर्जा के लाभ, मिलने वाली सब्सिडी, भार वृद्धि, नामांतरण प्रक्रिया, वेंडर चयन और अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी साझा की गई। उपभोक्ताओं को अधिक से अधिक रूफ टॉप सोलर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर में सांसद प्रतिनिधि बंटी मंगरोलिया और पार्षद राज वर्मा भी मौजूद रहे। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान 15 उपभोक्ताओं ने पीएम सूर्य घर योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करवाने की सहमति दी। इस दौरान अपनी छत पर सोलर पेनल लगवा चुके उपभोक्ता मयूर ठाकुर ने बताया कि मैने अपनी घर की छत पर प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत तीन किलोवॉट का सौर संयंत्र लगवाया था। सौर संयंत्र लगवाने के पहले मेरा बिल 3000 से 4000 रूपये प्रतिमाह आता था,लेकिन अब मेरा बिल 300 से 400 रूपये के बीच ही आता है।

### आयोजित किया जागरूकता शिविर

बुधवार को सिविल लाइन जोन प्रभारी असिस्टेंट इंजिनियर प्रज्ञा पांडे और जूनियर इंजिनियर विद्या चरण तिवारी ने अपने क्षेत्र अंतर्गत इटावा में आरके होटल के पास सौर संयंत्र लगाने जागरूकता शिविर आयोजित किया। शिविर में उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिविर में स्थानीय उपभोक्ता, रहवासी उपस्थित रहे। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान लगभग 20 उपभोक्ताओं ने पीएम सूर्य घर योजना के तहत रजिस्ट्रेशन करवाने की सहमति दी। इस दौरान सिविल लाइन जोन प्रभारी प्रज्ञा पांडे ने उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के फायदे बता कर उनका संदेह दूर किया। उन्होंने संतुष्ट उपभोक्ताओं से व्यक्तिगत चर्चा भी की। इस दौरान एक उपभोक्ता ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने से विधिवत बिलिंग हो रही हैं, तय समय पर रीडिंग हो जाती हैं। पहले रीडिंग अलग अलग तारीखों में होती थी, लेकिन अब वह समस्या नहीं है। जितनी बिजली उपयोग की जाती है, उतनी ही बिलिंग होती है। जेई वीसी तिवारी ने उपभोक्ताओं को बताया कि 1 किलोवॉट का सौर संयंत्र लगाने पर 30 हजार, 2 किलोवॉट पर 60 हजार, तीन किलोवॉट पर 78 हजार की सब्सिडी शासन द्वारा मिलती हैं। आगामी 02 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के दौरान मप्रपक्षेविविकं देवास इस तरह के जागरूकता कार्यक्रम जारी रखेगी।

# एसडीएम से मिला कृषक संगठन, प्रतिनिधि मंडल ने की चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

विगत दिनों संयुक्त कृषक संगठन के तत्वाधान में इंदौर बुधनी रेलवे व इंदौर बैतूल राष्ट्रीय राजमार्ग को लेकर कृषि मंडी परिसर बागली में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था। उस संबंध में मंगलवार को बागली एसडीएम शिवम यादव ने संज्ञान लिया।

एसडीएम यादव ने किसानो की समस्या को लेकर संयुक्त कृषक संगठन के पदाधिकारियों के प्रतिनिधि मंडल से और रेलवे अधिकारी के साथ संयुक्त बैठक की। बैठक में एसडीएम यादव ने उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी समस्याओं का रेलवे विभाग के अधिकारी को तुरंत निराकरण करने आदेश दिए एवं जो राज्य सरकार तक पहुंचाने के विषय थे उन्हें राज्य सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला मंत्री शांतिलाल सोलिया, तहसील अध्यक्ष मुकेश पाटीदार, मंत्री किशनलाल यादव, नारायण यादव एवं सभी गांव से एक-एक सदस्य उपस्थित थे।

हादसों और वारदातों से दहला अंचल

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत, भतीजा व नातिन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

राष्ट्रीय मार्ग मनु पेट्रोल पंप के पास पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हवाई पट्टी के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग ट्रक के पहियों के नीचे दब गए। घटना में 50 वर्षीय माया की मौत हो गई। उनके भतीजे मेहरवान और 15 वर्षीय नातिन राजन घायल हो गए। दोनों घायलों को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घटना बुधवार दोपहर 12 बजे के करीब की है।

मेहरवान अपनी बुआ माया और भांजी राजन के साथ ललितपुर में इलाज कराने आए थे। इलाज के बाद तीनों वापस गांव लौट रहे थे। ट्रक चालक हादसे के बाद ट्रक छोड़कर फरार हो गया। पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। तीनों लोगों के ट्रक के पहियों में फंसे होने के कारण क्रेन मंगवाई गई। करीब 30 मिनट बाद क्रेन की मदद से ट्रक को उठाया गया और तीनों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक माया के दो पुत्र और एक पुत्री है। वह टूंडासर की रहने वाली थी। मेहरवान गांव गढ़िया का निवासी है।

## शातिर चोर को जखौरा पुलिस ने घर-दबोचा, आरोपी के घर से मशरूका किया बरामद

ललितपुर। ललितपुर पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में वांछित/ वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस ने मु.अ.सं. 237/2025 धारा 305 बीएनएस के अभियोग में वांछित ग्राम सतगता निवासी कमल सिंह पुत्र देवी सिंह को हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाश के पास से एक मंगलसूत्र पीली धातु, एक जोड़ी झुमकी पीली धातु, एक जोड़ी पायल सफेद धातु व एक हाफ पेटी सफेद धातु बरामद की है। शातिर चोर को पकडने वाली पुलिस टीम में प्रभारी थाना निरीक्षक मुनेश भारती, उ.नि. विवेक धामा, हे.का.प्रेमबाबू आदि शामिल रहे।



## फांसी के फंदे पर लटका मिला किसान का शव

ललितपुर। जिले के ग्राम गेवरा गुंदेरा में बुधवार की सुबह एक किसान का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान 50 वर्षीय प्रभु प्रजापति के रूप में हुई है। प्रभु मंगलवार की रात गांव के माता मंदिर गए थे। मंदिर से निकलने के बाद वह घर नहीं लौटे। बुधवार सुबह परिजन जब खेत पर पहुंचे, तो उन्हें प्रभु का शव पेड़ पर लटका मिला। परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। चौकी इंचार्ज मनीष शुक्ला मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार, प्रभु खेती-किसानी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस सभी पहलुओं पर छानबीन कर रही है।

## महिला समेत दो पुलिस हिरासत में

ललितपुर। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह व सीओ तालबेहट रक्षपाल सिंह के पर्यवेक्षण में संचालित अभियान में धारा 108, 351(3) बीएनएस में वांछित ग्राम सेमराबड़ा निवासी अभय पुत्र अशोक व गीता पत्नी सुखनन्दन को हिरासत में लिया है। दोनों को पकडने वाली पुलिस टीम में उ.नि.संजीव धामा, हे.का.केहरी प्रताप सिंह, का.कुलदीप कुमार, म.हे.का. मनोरमा देवी शामिल रहीं।

## दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

ललितपुर। थाना बार पुलिस ने धारा 87, 137 (2) में वांछित चल रहे थाना बानपुर के ग्राम पाह निवासी संजय पुत्र राकेश वंशकार को हिरासत में लिया है। दुष्कर्म के आरोप में संजय को पकडने वाली पुलिस टीम में उ.नि.अशोक कुमार सिंह, उ.नि. राजेश सिंह व का.जीतेन्द्र कुमार शामिल रहे।

## आपसी रंजिशन में पुत्र पर जानलेवा हमला

ललितपुर। थाना नाराहट अंतर्गत ग्राम डोंगराकलां में रहने वाली लुधायेवारी पत्नी दलीप सहरिया ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 13 सितम्बर की रात करीब 9 बजे गांव के जितेन्द्र, बिन्दे, मुकेश पुत्रगण जानकी सहरिया एकराय होकर आये और उसके पुत्र करन के साथ गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। मामले की सूचना मिलने पर वह मौके पर पहुंची, जहां उसने देखा कि मारपीट में उसके पुत्र के दांत टूट गये हैं और उसने 108 एम्ब्युलेंस के जरिए अपने पुत्र को ले जाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती किया, जहां हालत नाजुक होने पर करन को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यहां उसका उपचार किया जा रहा है। पुलिसने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों पर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# राष्ट्रीय सेवायोजन द्वारा एक दिवसीय करियर काउंसलिंग कार्यशाला संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

के० पी०एस०पी०जी कॉलेज ककरूआ में एक कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवायोजना स्थापना दिवस एवं विश्व विरासत संरक्षण दिवस पर भी वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किये। शिवाजी आई०ए०एस० एकेडमी की तरफ से छात्र-छात्राओं को प्रशासनिक प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु आवश्यक सलाह और दिशा निर्देश दिये गये। कार्यशाला के मुख्य अतिथि नेहरू महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो० ओमप्रकाश शास्त्री, अध्यक्ष डॉ० राजेन्द्र प्रकाश एवं संयोजक प्रवक्ता दिनेश श्रीवास्तव रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की डायरेक्टर डॉ० लतिका सुड़ेले, प्राचार्य डा० राजेन्द्र प्रकाश, प्रो० ओमप्रकाश शास्त्री, शिवाजी आई०ए०एस० एकेडमी के प्रबन्धक तौसीफ अहमद, सौरभ ताम्रकार, मदन मिश्रा एवं कदअउ प्रभारी प्रभांशु नगाइच ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके किया।

प्रो० ओमप्रकाश शास्त्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि छात्र-छात्राएँ अपना लक्ष्य निर्धारित करके योजनाबद्ध तरीके से अध्ययन करें। आजकल प्रतिस्पर्धा का युग है। देश दुनिया की सामान्य जानकारी भी जुटाएँ। डॉ० लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि सभी छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय सेवायोजना में प्रतिभाग करना चाहिये। डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि छात्र-छात्राएँ अपना लक्ष्य निर्धारित करके पूरे हौंसले व जिज्ञासा के साथ अध्ययन करें और आलोचना करने वालों को अपना आदर्श मान लें। इससे उन्हें मेहनत करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि हमें अपनी विश्व विरासत का संरक्षण करना चाहिये तथा इसके लिये सदैव प्रयत्नशील रहना चाहिये। शिवाजी आई०ए०एस० एकेडमी से पधारे तौसीफ अहमद ने कहा कि छात्र-छात्राएँ अपनी प्रतिभाओं एवं क्षमताओं को पहचानें और लक्ष्य निर्धारित करके तैयारी करें। वे अपने सपनों को हमेशा बड़ा रखें। मदन मिश्रा ने सिविल सर्विसेज परीक्षा की पूरी रूपरेखा प्रस्तुत की। संयोजक एवं प्रवक्ता दिनेश श्रीवास्तव ने कहा कि छात्र-छात्राओं के लिये देश व समाज की सेवा करने के लिये लोक सेवक बनना सबसे अच्छा माध्यम है।

कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया और प्रवक्ता दिनेश श्रीवास्तव ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में असि०प्रो० दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, पंकज पटैरिया, रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी, आसिफ खान, पुष्पेन्द्र पुरोहित, केहर राही, निधि जैन, जगतराज, राजकुमार पटेल,, रवीन्द्र कुमार अभिषेक शुक्ला, अमित कुमार, नीलू, मुबीन मंसूरी, अंकेश यादव, राजेन्द्र रजक, सक्षम त्रिपाठी, राहुल जैन, शशिश्रीवास्तव मनोज रजक, पुष्पेन्द्र, माता प्रसाद तिवारी ने प्रतिभाग किया।

समाजवादी युवजन सभा के नगराध्यक्ष की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर गिनाई अव्यवस्थाएं

# मेडिकल कॉलेज में व्याप्त अनियमितताओं को शीघ्र ही कराएं दुरूस्तः सहरोज खान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

मेडिकल कालेज में व्याप्त अनियमितताओं को लेकर समाजवादी युवजन सभा के नगराध्यक्ष ने पदाधिकारियों के साथ जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर व्यवस्थाएं दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। जिलाधिकारी को सौंपे ज्ञापन में नगर अध्यक्ष सहरोज खान ने बताया कि मेडिकल कालेज में चारों ओर अव्यवस्थाएं हावी हैं।

यहां उपचार कराने के लिए आने वाले मरीजों को उचित स्वास्थ्य सेवाएं नहीं दी जा रहीं हैं। डेंटल विभाग में मशीनें कई महीनों से खराब पड़ी हुई हैं। दांत रोगियों को मजबूरी वश प्राइवेट अस्पतालों की ओर जाना पड़ रहा है, जहां उन्हें मनमाने तरीके से लूटा जा रहा है। इसके अलावा मेडिकल कालेज में अल्ट्रासाउंड कराने में प्रत्येक मरीज से 300 रूपए खुलेआम वसूला जा रहा है। जो रूपए देता है, उसका ही अल्ट्रासाउंड होता है, बाकियों को चलता कर देते हैं। यहां पर तैनात चिकित्सक एवं स्टाफ मरीजों एवं तीमारदारों से बदसलूकी तक करते हैं। जिसके कारण मेडीकल कॉलेज की छवि धूमिल हो रही है। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि पैथोलॉजी विभाग में ग़लत रिपोर्ट थमा दी जाती है, जिसका सीधा असर मरीजों पर पड़ता है। उन्हें उनके रोग के मुताबिक उपचार भी नहीं मिल पा रहा है। अनेक सालों से डिजिटल एक्स-रे मशीन धूल फांक रही है, उसे सही कराने की किसी ने जहमत भी नहीं उठायी है, मरीज़ बाहर लूटने को मजबूर हैं। इसके अलावा उन्होंने मेडिकल कालेज प्रबंधन पर अनेक आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से व्यवस्थाएं जल्द दुरूस्त कराए जाने की मांग की है। उनकी इन मांगों पर जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया है।

इस दौरान विजय प्रजापति नगर महासचिव, आमिर मंसूरी नगर उपाध्यक्ष, अरबाज खान नगर उपाध्यक्ष, शाहरुख खान नगर सचिव,ओमप्रकाश कुशवाहा, अंसू, नीरज राजपूत, विक्की रजक, देवेन्द्र सिंह, राजवीर, राहुल, मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी, अयान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कक्षा 9और 11वीं की प्रवेश के लिए अंतिम तिथि घोषित

ललितपुर । कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश प्रयागराज के द्वारा सर्व साधारण को सूचनार्थ विज्ञप्ति प्रसारित की गयी थी कि कक्षा 9/11 के संस्थागत अभ्यथियों के अग्रिम पंजीकरण एवं 10/12 के सस्थागत / व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन अपलोड/प्रवेश की अंतिम तिथि 27.09.2025 निर्धारित की गयी हैं। उक्त के क्रम में अभिभावकों, छात्र/छात्राओं एवं जनसाधारण को पुनः सूचित किया जाता हैं कि निर्धारित अंतिम तिथि 27.09. 2025 तक अपने पाल्यों का कक्षा 9 से 12 तक विद्यालय में प्रवेश करा लें। इसके उपरान्त प्रवेश हेतु कोई अवसर प्रदान नहीं होगा। इसी के साथ जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी निर्देशित किया जाता हैं कि नवीन संशोधन तिथियों के अनुरूप अग्रिम पंजीकरण 9 एवं 11 के संस्थागत अभ्यर्थियों एवं परीक्षा वर्ष 2026 के कक्षा 10 एवं 12 के संस्थागत / व्यक्तिगत अभ्यर्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन अपलोड कराये जाने सम्बन्धी कार्यवाही कर लें एवं यदि कोई अभ्यर्थी अभी भी प्रवेश से वंचित रह गया हो तो निर्धारित अंतिम तिथि दिनांक 27.09.2025 तक उसका प्रवेश अनिवार्य रूप से कर लें।

# यूनिफाइड पेंशन स्कीम कैम्प का हुआ आयोजन

ललितपुर। मण्डल रेल प्रबन्धक झांसी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश पर ललितपुर रेलवे स्टेशन पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 81 कर्मचारी शामिल हुए। इसमें से करीब 03 कर्मचारियों ने आवेदन किया। कर्मचारियों को मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षकों द्वारा यूपीएस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी व यूपीएस में मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तृत रूप से समझाते हुए कर्मचारियों की शंका का समाधान करते हुए यूपीएस के लाभ के बारे में बताया। कैम्प से प्रेरित होकर कुछ कर्मचारियों द्वारा विकल्प फॉर्म भरने की कार्रवाई की जा रही है।

मीना से प्रेरणा लेकर प्रतिदिन विद्यालय आयें बच्चे

# परिषदीय विद्यालयों में केक काटकर बच्चों ने मनाया मीना का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

24 सितंबर बेटियों के सम्मान का दिन है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना और समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। मीना मंच के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भर, स्वभिमानी और साहसी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

शिक्षण सत्र के दौरान, इस दिन विभिन्न गतिविधियों नुक्कड़ नाटक, कहानी वाचन और ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिससे बालिकाओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक किया जा सके। परिषदीय विद्यालयों में मीना मंच के माध्यम से मीना का जन्मदिन मनाया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय टोडी में छात्रा निशा कुशवाहा को मीना बनाया गया, विद्यालय की छात्राओं ने केक काटकर व माला पहनाकर मीना का जन्मदिन मनाया। इस दौरान डा.बृजेश कुशवाहा, गणेश अहिरवार, दिनेश साहू, बृजेन्द्र सिंह यादव मौजूद रहे। वहीं संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय डुलावन में छात्राओं ने मीना का जन्मदिन केक काटकर मनाया व मीना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मीना मंच की सुगमकर्ता अंजूलता वर्मा ने कहा कि बालिकाओं के मुद्दों को सरल एवं सहज रूप से समझने के लिए मीना नाम की लड़की का एक काल्पनिक चरित्र बनाया है।

हर वर्ग एवं समाज की बालिकाएं स्वयं का इससे जुड़ाव महसूस कर सकती है। मीना एक उत्साही और विचारवान किशोरी है जिसमें उमंग, उल्लास, सहानुभूति और सहायता का भाव है। मीना मंच की शुरूआत वर्ष 2011-12 में की गई। इस दौरान विद्यालय स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

नदियों को स्वच्छ रखने के प्रति वचनबद्ध किया गया

# नमामि गंगे परियोजना के तहत युवाओं को नदी संरक्षण करने की दिलाई शपथ




ललितपुर। नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत नदियों के संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिला गंगा समिति द्वारा कंपोजिट विद्यालय भरतपुरा में गंगा गोष्ठी, गंगा शपथ, भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता जैसे विभिन्न आयोजन हुए।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्या मंजूलता सिंह ने कहा कि नदियां हमारी सभ्यता और संस्कृति की धमनी हैं और उन्हें स्वच्छ रखना हम सभी का नैतिक दायित्व है। परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने नमामि गंगे परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को इस अभियान से जुडने का आह्वान किया। गोष्ठी में शिक्षकों ने छात्रों को नदियों में बढ़ते प्रदूषण, उसके दुष्परिणामों और संरक्षण के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने एक सुर में गंगा शपथ ली कि वे नदियों को स्वच्छ रखने में अपना योगदान देंगे और दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। भाषण प्रतियोगिता में छात्रों ने नदी संरक्षण- एक अनिवार्य आवश्यकता जैसे विषयों पर अपने विचार रखे।

वहीं, चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी कूची से स्वच्छ नदियों के सुंदर चित्र उकेरे और प्रदूषण से उनकी दुर्दशा को दर्शाया। कक्षा 8 के छात्र रामबाबू यादव को नदी प्रेरक चुना गया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम में संध्या जैन, सौरभ चौरसिया, आयशा हबीब, नेहा यादव, प्रीती यादव, मोनिका जैन, मांडवी दुबे, रिंकी साहू समेत विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

दूसरे दिन वृन्दावन की निकुंज बिहारी रासलीला मण्डल ने किया मंचन

# श्रीराम जन्मोत्सव पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर तालाबपुरा के तत्वाधान में श्रीरामलीला के दूसरे दिन श्रीराम जन्म की लीला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कोरस गीतों के उपरांत वृंदावन श्रीनिकुंज बिहारी रासलीला मंडल द्वारा लीला का मंचन किया। लीला के प्रथम दृश्य में राजा मनु और उनकी पत्नी शतरूपा भगवान की तपस्या करते हैं।

सभी देवी देवताओं ने राजा मनु से वरदान मांगने को कहा, तब राजा मनु की पत्नी शतरूपा ने भगवान नारायण से उनके यहां संतान के रूप में जन्म लेने के लिए कहा भगवान नारायण ने राजा मनु से एवं उनकी पत्नी शतरूपा से कहा कि अगले जन्म में राजा मनु तुम दशरथ बनोगे और तुम्हारी पत्नी शतरूपा कौशल्या तब उसी समय मैं तुम्हारे यहां जन्म लूंगा। लीला मंचन के दूसरे दृश्य में रावण कुंभकरण विभीषण ब्रह्मा जी को प्रसन्न कर कर अमरता का वरदान प्राप्त करते हैं। लीला के तीसरे दृश्य में जब पृथ्वी पर रावण असुरों के पाप अत्याचार का भार बढ़ जाता है और पृथ्वी माता इस भार को सहन ना कर त्राहि त्राहि कर उठी तब सभी देवताओं ने भगवान नारायण से विनती की वह कृपा करें और माता पृथ्वी को इस भार से मुक्त कराए कही ऐसा ना हो की माता पृथ्वी इस अधर्म के भार को सहन न कर पाने के कारण धरातल में ना समां जाए देवों की प्रार्थना को सुनकर भगवान नारायण ने कहा कि मैं कौशल्या माता के गर्व से राम के रूप में जन्म लूंगा और पृथ्वी को असुरों के पाप से मुक्त कराऊंगा तथा लीला मंचन के चौथे दृश्य में अयोध्या के चक्रवर्ती सम्राट दशरथ पुत्र की लालसा के लिए गुरुदेव की आज्ञा से पुत्र प्राप्ति के लिए यज्ञ करते हैं यज्ञ से प्राप्त प्रसाद के फल स्वरुप महाराज दशरथ को तीनों रानियां द्वारा चार पुत्रों राम लक्ष्मण भरत तथा शत्रुघ्न की प्राप्ति होती है भगवान राम का जन्म होते ही संपूर्ण प्रांगण जय श्री राम के उद्घोष से गूंज उठा श्रद्धालुओं ने भगवान राम की आरती उतारी महिलाओं ने मंगल सोहर गाये।

भय प्रकट दीन दयाला दीन कृपाल स्तुतो शुरू होते ही भक्त गण राम जन्म की खुशी में झूम उठे और पूरा माहौल भक्ति के रस में डूब गया तथा आयोजक मंडल द्वारा एवं समाजसेवियों द्वारा दर्शकों एवं बच्चों के लिए खिलौने मिठाई बांटी गई।

इस दौरान आयोजक महन्त गंगादासजी महाराज, गुडडू राजा बुन्देला, कौस्तुभ चौबे, प्रदीप चौबे, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, वी.के.सरदार, अजय तिवारी, संजय डयोडिया, हृदेश हुण्डैत, कैलाश यादव, हरीबाबू शर्मा, अजय प्रताप सिंह तोमर के अलावा मीडिया प्रभारी पंकज रायकवार आदि मौजूद रहे।

हर हफ्ते रेंडमली चयनित की जाती हैं 5 शिकायतें, जिम्मेदारों पर की जा रही कार्यवाही

# संवाद से समाधान के तहत आवेदकों से वन-टू-वन चर्चा कर रहे कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा हर मंगलवार संवाद से समाधान कार्यक्रम की अभिनव शुरूआत की गई है। इसके तहत सीएम हेल्पलाइन की रेण्डमली पांच शिकायतों का चयन करवाते हुए जिम्मेदारों पर न केवल कार्यवाही बल्कि समस्या का पूर्ण समाधान भी करवाया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंगलवार को पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की पांच शिकायतों का चयन किया गया था। कलेक्टोंरेट में शिकायतकर्ता और संबंधित अधिकारी की उपस्थिति में कलेक्टर डॉ. ने शिकायतकर्ता व संबंधित अधिकारी, कर्मचारी को अपने सम्मुख सुना और शिकायतों का निराकरण करवाया। इसके साथ ही गैर जिम्मेरदार अधिकारी-कर्मचारी पर कार्यवाही के निर्देश भी दिए।

एक शिकायतकर्ता बद्रीप्रसाद चावली ग्राम पंचायत बरखेडा डोर, नरसिंहगढ़ ने बताया गया कि ग्राम खलेली में स्थान सामुदायिक भवन से मेन रोड़ तक पूर्व सरपंच प्रेम बाई मालवीय द्वारा सीसी रोड का निर्माण कार्य कराया गया था, जो कि अधूरा छोड़ दिया गया। जिससे आवागमन में काफी समस्या हो रही है। उक्त शिकायत में संबंधित सचिव को निलंबित करने व वेतन से 50 प्रतिशत वसूली, विभागीय जांच का आदेश एवं तत्कालीन उपयंत्री की संविदा नवीनीकरण नहीं किए जाने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। इसके साथ ही तहसीलदार नरसिंहगढ़ को उक्त प्रकरण में पूर्व सरपंच पर आरआरसी. जारी कर वसूली करने निर्देशित किया गया।

### एक हितग्राही को मिला संबल योजना का लाभ

राजगढ़ क्षेत्र की हिरनखेड़ा पंचायत के सुरेश वर्मा ने बताया कि पात्रता के बावजूद आवेदक का संबल कार्ड नहीं बनाया जा रहा है ना ही उसका सत्यापन किया जा रहा है। उक्त शिकायत में शिकायतकर्ता एवं सचिव की समक्ष में सुनवाई की गई। जिसमें संबंधित सचिव द्वारा बताया गया कि शिकायतकर्ता द्वारा एमपी ऑनलाइन का संचालन किया जा रहा था। जिसके कारण संबल कार्ड नहीं बन पा रहा है। वर्तमान में शिकायतकर्ता द्वारा एमपी ऑनलाइन एवं कियोस्क का व्यवसाय नहीं किया जा रहा है। इस पर उक्त प्रकरण अपील में लेकर संबल कार्ड का लाभ प्रदान किए जाने के लिए निर्देशित किया गया।

### इन शिकायतों का भी किया गया समाधान

*शिकायतकर्ता अरविन्द गिरजे ग्राम पंचायत बुढनपुर, सारंगपुर द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की आवास सूची में नाम है एवं सचिव द्वारा 10 हजार रूपये की अनुचित राशि ली गई थी, परन्तु आज दिनांक तक आवास का लाभ नहीं मिला है। इस पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी सारंगपुर द्वारा बताया गया कि आवेदक का नाम आवास में नहीं है एवं शिकायतकर्ता से चर्चा कर शिकायत को संतुष्टि के साथ बंद करा लिया गया है। ब्यावरा क्षेत्र के शिकायतकर्ता प्रवेन्द्र सिंह राजपूत ग्राम पंचायत मोतीपुरा ने बताया कि आवेदक की निजी जमीन में सरपंच लख्मीचंद दांगी द्वारा सार्वजनिक प्रयोग के लिए कुंए का निर्माण करवाया गया। जिसके लिए सरपंच द्वारा स्वीकृत राशि में से कुछ पैसे आवेदक को देने के लिए बोला गया था। उक्त शिकायत में शिकायतकर्ता समक्ष में अनुपस्थित थे। जिसमें मुख्य कार्यपालन अधिकारीब्यावरा द्वारा बताया गया इस शिकायत की पूर्ण जांच कर ली गई। जिस जगह कुंआ खोदा गया है, उक्त भूमि शिकायतकर्ता के नाम पर नहीं है एवं भूमि शासकीय है। जिस पर जिला प्रबंधक लोक सेवा को शिकायतकर्ता से बात कर अवगत कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया।*

जीरापुर पुलिस ने धरे 8 सटोरिए

# सटोरियों के विरुद्ध कार्रवाई, 18 हजार से ज्यादा नकदी बरामद




हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

जिले भर में सट्टे व जुए पर लगाम लगाने के लिए निरंतर पुलिस द्वारा धरपकड़ की जा रही है। इसी क्रम में जीरापुर पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनके पास से 18 हजार 820 नकद राशि बरामद की गई। आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किये गए। सभी आरोपियों ने रामबाबू दांगी निवासी जीरापुर थाना जीरापुर को सट्टा देना स्वीकार किया है। मुख्य सट्टा संचालक रामबाबू दांगी को प्रकरणों में धारा 49 बीएनएस के तहत आरोपी बनाया गया है।

### गिरफ्तार हुए सटोरियों के नाम

कमलेश पिता पन्ना लाल, जाति राठौर, उम्र 45 वर्ष, निवासी जमाई कालोनी जीरापुर रा के श पिता उंकार, जाति गोस्वामी, उम्र 45 वर्ष, निवासी अकलेरा राजस्थान. चम्पालाल पिता भंवरलाल, जाति दांगी, उम्र 38 वर्ष, निवासी आवास कालोनी, जीरापुर. मांगीलाल पिता मुन्नालाल, जाति शाह, उम्र 26 वर्ष, निवासी खिलचीपुर नाका रामगोपाल पिता बालचंद, जाति वर्मा, उम्र 35 वर्ष, निवासी आवास कालोनी, जीरापुर शोकत पिता रहमान, जाति मुसलमान, उम्र 23 वर्ष, निवासी आवास कालोनी, जीरापुर पूनमचंद पिता मांगीलाल, जाति मालवीय, उम्र 40 वर्ष, निवासी आवास कालोनी, जीरापुर हजारीलाल पिता रूगनाथ, जाति दांगी, उम्र 45 वर्ष, निवासी आवास कालोनी, जीरापुर।

## केसी कॉन्वेंट हाई स्कूल की मान्यता का हुआ रिनुअल

### नवीनीकरण में ऑनलाइन कमी के चलते अटकी थी मान्यता

**ब्यावरा।** के.सी. कॉन्वेंट हाई स्कूल ब्यावरा स्कूल कोड क्रमांक-612064 जो विगत 15 से 20 वर्षों से सत प्रतिशत बोर्ड परीक्षा परिणाम देता आ रहा है। शासकीय मान्यताओं के साथ विगत वर्ष नवीकरण में ऑनलाइन गड़बड़ी के कारण डी.पी.ई और बोर्ड ऑफिस भोपाल में संस्था की मान्यता में कुछ कमियां बताई जो विद्यालय ने कर्मियों को समय रहते दूर कर दिया है। उक्त विषय में इंदौर हाईकोर्ट ने 8 अगस्त व 12 सितंबर एवं क्रमांक 31112/ 2025 द्वारा माध्यमिक शिक्षा मंडल से हाई स्कूल परीक्षा 2025-26 हेतु मान्यता प्राप्त हो गई है। अतः अभिभावक तथा बच्चे भ्रम में ना आए वार्षिक बोर्ड परीक्षा यथावत रहेगी और सत्र- 2025-26 के हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा के कक्षा दसवीं के फॉर्म और कक्षा नवी के नामांकन फार्म समय पर ऑनलाइन भर दिए गए हैं।

# स्वच्छता सेवा पखवाड़े के अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा शिविर का आयोजन

### निकाय कर्मचारियों ने कराया अपना स्वास्थ्य परीक्षण



**खुजनेर।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा अंतर्गत मंगलवार को नगर परिषद कार्यालय में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें समस्त कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेष रूप निकाय के स्वच्छता कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्है स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने सफाई के दौरान जूते, दस्ताने आदि उपकरण के साथ सफाई करने तथा फिट रहने के उपाय बताए गए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा ने कहा कि स्वच्छता में ईश्वर का निवास होता है हमे स्वयं स्वच्छताके लिये प्रयास करना है ओर दूसरों को भी प्रेरित करना है। सभी से स्वच्छ और स्वस्थ्य रहने की अपील की। शिविर में डॉ. देवेन्द्र व्यास तथा उनकी टीम नगर परिषद के भूपेन्द्र लोहिया, लोकेश जाधव रामबाबू यादव, अमित यादव, आनन्द यादव सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 501 कन्याओं को करवाया भोज प्रतिदिन हो रहा सुंदरकांड पाठ



**राजगढ़।** नेवज नदी के छोटे पुल के समीप स्थित ऐसी वाले हनुमान मंदिर पर सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या से नवरात्रि के पूरे दिवस विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में अमावस्या के दिन मंदिर समिति द्वारा परिसर में 501 कन्याओं के पद प्रक्षालन करते हुए कन्या भोज का आयोजन करवाया गया। मंदिर समिति पदाधिकारी सुनील कुमार जोशी ने बताया कि राजगढ़ नगर के प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों, श्रृद्धालुओं के सहयोग से मंदिर धीरे-धीरे भव्यतम रूप लेता जा रहा है। श्राद्ध पक्ष पर हुए कन्या भोज उपरान्त नवरात्र के पहले दिवस 22 सितंबर से मंदिर में प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक सुंदरकाण्ड पाठ आयोजित करवाया जा रहा है। खेड़ापति सरकार संगीत समिति के तत्वावधान में उक्त सुंदरकाण्ड पाठ संपन्न करवाया जा रहा है।

मेड़तवाल महिला मंडल द्वारा किया गया आयोजन

# नवरात्र में आदिशक्ति की आराधना, भजन के साथ गरबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शारदेय नवरात्र में मंदिरों, झांकी पांडालों में चल रहे धार्मिक आयोजनों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संघटनों द्वारा भी भजन, कीर्तन, गरबा इत्यादि आयोजित करवाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार दोपहर मेड़तवाल महिला मंडल की अनेकों महिलाओं द्वारा भजन-कीर्तन के साथ-साथ गरबे का आयोजन करवाया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित महिलाओं सहित युवतियों द्वारा गरबे की सुंदर प्रस्तुति दी गई। मेड़तवाल महिला मंडल अध्यक्ष उषा गुप्ता, सचिव रचना सिंघी ने बताया कि आगामी दिनों में इस तरह महिला मंडल द्वारा सामाजिक, धार्मिक सहित अन्य रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करवाए जाएंगे।

### जालपा दरबार में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने किए दर्शन



इसी कड़ी में नवरात्रि के द्वितीय दिवस क्षेत्र के प्रसिद्ध दैवीय शक्तिपीठ मां जालपा धाम पर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता की पूजा-अर्चना करते हुए सुख, समृद्धि की आर्शिवाद मांगा। इसके साथ ही विभिन्न झांकी पांडालों में कहीं कन्या भोज तो कहीं अन्य धार्मिक आयोजन संपन्न करवाए जा रहे हैं।

शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न

# गुरुओं का आशीर्वाद सदा हमारे साथ : राज्य मंत्री



**कुरावर।** सोमवार दोपहर 3 बजे नगर के सीएम साइज हायर सेकंडरी विद्यालय परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री पवार, विधायक मोहन शर्मा पूर्व विधायक गिरीश भंडारी जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष प्रेम किशोर मीणा भाजपा जिला महामंत्री अमित शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर दिनेश मंडलोई नपा अध्यक्ष बादाम बाई ने उपस्थित सेवानिवृत्ति वर्तमान शिक्षक एवं प्रतिभाओं का का सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। वहीं नगर की एक निजी संगीत शाला के छात्र-छात्राओं ने सुंदर स्वर में सरस्वती वंदना व राम कथा की प्रस्तुति दी। इसी अवसर पर राज्य मंत्री पंवार कहा कि शिक्षकों का आशीर्वाद सदा हमारे साथ रहता है उनके बताएं ज्ञान के आधारशिला पर हम निरंतर चलते हैं। मध्य प्रदेश शासन भी विद्यालय में संस्कार की क्लास प्रारंभ कर रहा है हमें वर्तमान समय में बच्चों को मोबाइल से दूर रखना चाहिए।

## नगरपरिषद सभागार में स्वच्छता एवं अन्य समस्या को लेकर बैठक आयोजित

**जीरापुर।** नगर परिषद सभागार में स्वच्छता एवं आम रास्ता पर खड़े फल फ्रूट के हाथ ठेले वालों की व्यवस्था बेहतर बनाने, नगर के विकास का सुचारू संचालन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में नपाध्यक्ष प्रतिनिधी पवन कुशवाह , सीएमओ हरिओम शर्मा व अन्य वरिष्ठजना की उपस्थिति में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और नगर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। हाट बाजार सहित नगर में प्रतिदिन ठेले व्यवस्थित ढंग से लगाने, यातायात में बाधा न हो इसके लिए विशेष प्रबंध करने तथा स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्णय लिया गया। बैठक मे पार्षद प्रतिनिधि मनोहर बरेठा ने परिषद पर आरोप लगाते हुए कहा कि पूरी परिषद का बंटाधार हो रहा है कोई सुनने वाला नहीं है। मेरे वार्ड में सड़कों में गड्ढे पड़े हुए हैं। नवरात्रि के दौरान मंदिर पर साफ सफाई नहीं होती है मुक्तिधाम मार्ग पर गड्ढे पड़े हैं।

बराई माता मंदिर आस्था विश्वास व भक्ति का केंद्र

# जिन बच्चों को चेचक निकलती हैं पांच कंकर घिसकर लेप लगाने से कुछ ही दिनों में ठीक होने लगती है



**खिलचीपुर।** भक्ति की शक्ति वह दिव्य ऊर्जा है जो हमें प्रेम, श्रद्धा, और समर्पण से भर देती है। ऐसा ही पर्व शारदीय नवरात्रि सोमवार से शुरू हो गया है। नगर के प्राचीन अद्भुत वर्षों पुराना बराई माता मंदिर पंडा जी बाग रोड स्थित है जहां पर आस्था विश्वास एवं भक्ति का केंद्र देखने को मिलता है। जहां पर श्रद्धा भाव के साथ माता के मंदिर में नौ दिनों तक जोत जलाकर शारदीय नवरात्रि एवं चैत नवरात्रि पर माता रानी की उपासना की जाती है। माता रानी के दरबार में शारदीय नवरात्रि में बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता रानी के दरबार में मत्था टेक मन्नत मांग कर दर्शन लाभ अर्जित करेंगे। ऐसी मान्यता है कि जिन बच्चों को छोटी माता या (चेचक) निकलती हैं श्रद्धा अनुसार माता रानी के यहां पांच या दो अगरबत्ती लगाकर मनोकामना पूर्ण स्वरूप 5 कंकर घीस कर लैप लगाने से बच्चों के चेचक कुछ ही दिनों में ठीक होने लगती है। मनोकामना पूर्ण होने के बाद माता रानी को मीठे भजिये का भोग लगाते हैं एवं चना चुरोंजी, नारियल प्रसाद भी चढ़ाया जाता है।

नगर पालिका से की डॉग कैचर टीम बुलवाने की मांग

# आवारा कुत्तों से दहशत में आमजन



**राजगढ़।** नगरीय क्षेत्र की सीमा में आवारा कुत्तों की संख्या में लगातार ईजाफा होता जा रहा है। शहर का कोई ऐसा वार्ड नहीं है जहां आवारा कुत्तों की वजह से आमजन परेशान और खोफजदा न हों। रात्रि के समय आवारा कुत्तों के झुंडों के कारण लोग अकेले टहलने जाने तक में परहेज करने लगे हैं और लोगों का घरों से बाहर निकलना तक दुश्वार कर दिया है।

सड़कों पर यहां-वहां बैठे ये आवारा कुत्ते बाईक सवारों का भी पीछा करते हुए उन्हें काटने का प्रयास करते हैं। इसके बाद भी नगर पालिका द्वारा आवारा कुत्तों की समस्या के निवारण के अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व नगर पालिका ने बाहर से एक डॉग केचर टीम बुलवाकर अनेकों आवारा कुत्तों को अन्यत्र भिजवा दिया था लेकिन एक बार फिर से नगर की सीमा में 250 से 300 आवारा कुत्ते यहां-वहां घूमते हुए दहशत मचा रहे हैं।

मंडी प्रांगण में आयोजित हुई कथा में बोले कथावाचक

# कर्म को सेवा मानोगे तो स्वार्थ हट जाएगा जो ईश्वर के करीब ले जाएगा : प्रेमनारायण



**ब्यावरा।** मनुष्य को अपने जीवन में अपने द्वारा किए जा रहे हर कार्य को भगवान की सेवा मानकर करना चाहिए। यदि अपने कर्म में सेवा जुड़ जाएगी तो स्वार्थ है हट जाएगा जब, स्वार्थ हटेगा तो व्यक्ति स्वतः ही ईश्वर के करीब पहुंच जाएगा। आप सत्संग करोगे तो बुद्धि की सेवा हो रही है, नाम जप रहे हो तो मन की सेवा हो रही है, कोई नोकरी धंधा कर रहे हो तो समाज की सेवा कर रहे हो। क्योंकि सेवा ही भगवान के परमधाम को पहुंचाने का सीधा व सरल माध्यम है।

मनुष्य ही है जो अपने काम से सेवा कर सकता है, जबकि पशु पक्षी केवल काम कर सकते है। आप सेवा करते हो तो भगवान आपको बुलाते लेकिन आप सेवा को केवल कर्म मानोगे तो समझो आप भगवान को भुला रहे हो। उक्त बात मंडी प्रांगण में आयोजित हुई एक दिवसीय कथा में कथावाचक प्रेमनारायण गेंहुखेड़ी ने कही। उन्होंने कहा कि मनुष्य संसार के चक्कर मे क्यों उलझा है जो शरीर-परिवार अपना था नही, आज भी अपना है नही, आगे भी अपना नही रहेगा। उसे अपना क्यों मान रहे हो मानो तो बस इतना मानो कि भगवान सदा आपके साथ है। जिप अध्यक्ष चन्दर सिंह सौंधिया, पूर्व विधायक प्रताप मण्डलोई, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, जगदीश पंवार, नारायण सिंह सालारियाखेड़ी,मोहन पंवार, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, गोपाल बादशाह सहित हजारों को तादात में श्रद्धालु ने कथा श्रवण की।

**झांकियों में प्रतिस्पर्धा, फूहड़ता वाले गाने व नृत्य धर्म की नींव हिला रहे हैं:** श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुरुदेव ने कहा कि अभी नवरात्रि चल रही है, भक्त लोग झांकिया सजा रहे ये अच्छी बात है, लेकिन झांकिया समिति में ही प्रतिस्पर्धा हो रहे हमारी झांकी की मूर्ति बड़ी होना चाहिए, हमारा डीजे बड़ा होना चाहिए, लाइट फटाके ये कैसी आराधना है। लोग झांकियों में हथियारों का प्रदर्शन कर रहे है, जुलुश में लड़ाईया हो रही है। कही कही जगह तो झांकियों में फूहड़ता वाले भजन गाने चल रहे हैं, अश्लील नृत्य हो रहा है। ये सब धर्म की नींव को कमजोर कर रहे है। होना ये चाहिए कि माँ की आराधना मधुर भजनों व साधना शांति के साथ हो। आज कल झांकियों में माँ की मूर्तियों में भी न साड़ी का ध्यान रख रहे न बनावट का क्या हम माँ को इस तरह देखना चाहते हैं, क्या शिक्षा हम समाज को दे रहे हैं।

## गतका प्रतियोगिता भोपाल में संपन्न, सरस्वती शिशु मंदिर ब्यावरा की बहन ने प्राप्त किया स्वर्ण पदक

**ब्यावरा।** 20-21 सितंबर को भोपाल में आयोजित होने वाली क्षेत्रीय गतका प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर ब्यावरा की बहन पायल मेहर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त किया। उनका चयन अखिल भारतीय स्तरीय गतका प्रतियोगिमा के लिए हो गया है। यह आगामी प्रतियोगिता 12 से 14 अक्टूबर को केदारधाम ग्वालियर में आयोजित होगी। इस गौरवशाली उपलब्धि पर अध्यक्ष चंद्रकांत त्रिपाठी सचिव मुकेश सेन प्राचार्य राजीव यादव, वरिष्ठ आचार्य गजेंद्र सिंह झाला, खेल शिक्षक किशन बैरागी तथा विद्यालय परिवार ने बहन पायल मेहर को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामनाएं प्रेषित कीं।

डीजे की तेज आवाज से परेशान प्रभावित व्यापारियों ने एसपी को दिया ज्ञापन

# दुकानों में लगा इलेक्ट्रॉनिक सामान व शोकेस तक टूटा, एक व्यापारी की तबीयत भी बिगड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



डीजे की तेज आवाज के खिलाफ सर्राफा व्यापारियों ने प्रशासन से गुहार लगाई है।

व्यापारियों ने मंगलवार को कलेक्टर-एसपी को ज्ञापन सौंपा। उनका कहना है कि डीजे की तेज आवाज से कारोबार और स्वास्थ्य दोनों प्रभावित हो रहे हैं। पिछले दो दिनों में डीजे की तेज आवाज से कई दुकानों में लगी लाइटें और शोकेस का सामान टूट गया। एक व्यापारी की तबीयत बिगड़ने से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। नयन ज्वैलर्स की दुकान में एक बड़ी लाइट गिर गई। संयोग से वह ग्राहक के पास नहीं गिरी, वरना बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। राजेश सर्राफ ने बताया कि डीजे में 20-25 माइक लगाए जाते हैं। इससे आवाज इतनी तेज हो जाती है कि खड़े रहना मुश्किल हो जाता है। यह स्थिति हृदय रोगियों के लिए खतरनाक है। सर्राफा एसोसिएशन ने मांग की है कि डीजे की आवाज को शासन के मापदंडों के अनुसार सीमित किया जाए। व्यापारी राजेश खुबाल ने नियम तोड़ने वाले डीजे संचालकों पर कार्रवाई की मांग रखी। एसपी रोहित काशवानी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं।